<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2446

31 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड का पुनरुद्धार

2446. श्री प्रहलाद जोशीः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के पुनरुद्धार हेतु कोई समिति गठित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी संरचना और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) क्या संयंत्र घाटे में चल रहा है या लाभ कमा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) संयंत्र की प्रचालनात्मक दक्षता और लाभ प्राप्ति को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क) और (ख): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के पुनरुद्धार के लिए इस्पात मंत्रालय ने पीएसयू के सदस्यों और तकनीकी विशेषज्ञों से युक्त एक समिति का गठन किया है। समिति के विचारार्थ विषय में उत्पादन, बिक्री में वृद्धि करने और आरआईएनएल की वित्तीय स्थिति में सुधार करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एक योजना तैयार करना शामिल है। तकनीकी विशेषज्ञ जो समिति के सदस्य है, वे आरआईएनएल की इकाइयों को सुधारने के लिए विशेष उपायों का सुझाव देंगे।

(ग): आरआईएनएल वित्तीय रूप से घाटे में चल रही है। गत तीन वर्षों में कंपनी द्वारा अर्जित लाभ/हानि निम्नानुसार है :

गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान अर्जित लाभ निम्नानुसार है :

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	2014-15	2015-16	2016-17
कर पश्चात् लाभ (पीएटी)	62	(-) 1421	(-) 1256 (अनंतिम)

(घ): आरआईएनएल अपनी ब्लास्ट फर्नेस, स्टील मेल्ट शॉप कन्वर्टर और सिन्टर प्लांट जैसी मौजूदा प्रमुख उत्पादन सुविधाओं का आधुनिकीकरण कर रहा है। इन आधुनिकीकरण और उन्नयन कार्यक्रमों में नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए इकाइयों को ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल बनाने और तरल इस्पात क्षमता को 1 मिलियन टन प्रति वर्ष अर्थात् 6.3 एमटीपीए से 7.3 एमटीपीए तक बढ़ाने की परिकल्पना की है।

****